आज का मौसम
आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे।
34.0⁰ अधिकतम तापमान | 27.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.31 | सूर्यास्त 07.22

लखनऊ, बरेली व मुरादाबाद से प्रकाशित
अमृत विचार
वर्ष 30, अंक 200, पृष्ठ 12, मूल्यः 3 रुपये
एक सम्पूर्ण अखबार

71 साल के हुए सुनील गावस्कर, क्रिकेट जगत ने दी बधाई...11
लखनऊ, शनिवार, 11 जुलाई 2020
www.amritvichar.com
श्रद्धा कपूर के इंस्टाग्राम पर फॉलोवर्स की संख्या 5 करोड़ के पार...12

वैज्ञानिकों के बीच डॉ. भरत के शोध ने बनायी पैठ

अमृत विचार लखनऊ



ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों का जलवायु पर काफी असर पड़ता है, इस पर प्रो. डॉ भरत राज सिंह के शोध ने वैज्ञानिक समुदाय के भीतर प्रभावी पैठ बनायी है। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेज के महा निदेशक डॉ भारत राज सिंह ने बताया कि एसएमएस के अध्याय शीर्षक, "ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों का जलवायु परिवर्तन पर अध्ययन, समुद्र स्तर में वृद्धि और आपदा आवृत्ति" जो उनकी संपादित पुस्तक है, यह ग्लोबल वार्मिंग- प्रभाव और भविष्य की संभावनाएं का एक चैप्टर है, विश्व स्तर पर बहुत लोकप्रिय हुआ है, उन्होंने बताया कि उनके इस शोध कार्य ने 6584 से अधिक की उच्च पहचान (दृश्यता) प्राप्त की और वैज्ञानिक समुदाय के भीतर प्रभावी पैठ बनाई है। यह भी उल्लेखनीय है कि इस शोध ने दुनिया भर में शोधकर्ताओं के उनके स्वयं के प्रोजेक्ट्स को विकसित करने के लिए एक उदाहरण स्थापित किया है ।

इन्टेक-ओपन पब्लिशर्स, यूनाइटेड-किन्गडम के की ओर से, प्रो. सिंह को उनकी उक्त प्रकाशित शोध की विश्वस्तर की उपलब्धियों के लिए काफी सराहना तथा बधाई दी है।